THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BkoADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

सरकार से सहायता प्राप्त कर रही संवाद एजेंसियां

3954. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कौन-कौन सी संवाद एजसियां सरकार से सहायता प्राप्त कर रही हैं और उनमें से प्रत्येक को विगत तीन वर्षों के दौरान कितनी-कितनी सहायता दी गई है ;

(ख) किस-किस सवाद एजेंसी की सेवाओं का दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है और उनमें से प्रत्येक को अदा किये गये शुल्क का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या यह सच है कि भाषायी संवाद एजेंसियों को अंग्रेजी संवाद एजेंसियों की तुलना में कम भुगतान किया जाता है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) प्रेस ट्रस्ट आफ इडिया (पी०पी०आई०) और यूनाइटेड न्यूज आफ इडिया (यू० न०आई०) ने सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त की है । पि त्रे तीन वर्षों के दौरांन दी गई वित्तीय राशि का ब्यौरा विवरण I में दिया गया है ।

(ख) आकाशवाणी और दूरदर्शन पी०टी०आई० यू०एन०आई० और शि यन न्यूज इटरनेशनल (ए०एन०एाई०)- के ग्राहक हैं । पिछले तीन वर्षों के दौरान यू०एन०आई० और पी०टी०आई० को दी गई फीस का ब्यौरा विवरण में दिया गया है । ए०एन०आई० को अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया है ।

(ग) आकाशवाणी और दूरदर्शन किसी भाषाई एजेंसी के ग्राहक नहीं हैं लेकिन व पी०टी०आई० और य०एन० आई० की हिंदी सेवा के भी ग्राहक हैं जिसके लिये पृथक भुगतान किया जाता है ।

विवरण—I

	सहायतनुदान
1989–90	
प्रैस ट्रस्ट आफ इडिया	शून्य
यूनाटेड्ज न्यूज आफ इण्डिया	शून्य
1990–91	
पी०टी०आई०	शून्य
यू०एग०आई.	शून्य
1991–92 (25–3–1992 तक)	
प्रेस ट्रस्ट आफ इंण्डिया	रान्य
यूनाटेड न्यूज आफ इण्डिया	25.00 लाख (उर्दू न्यूज सेवा आरम्भ करने के लिए)

विवरण—II

वर्ष	सेवा का नाम	पी०टी०आई०	यू० एन० आई०
1989	अंशदान	(रुपयों में)	(रुपयों में)
	समाचार फीड	1,58,51,550	1,29,69,450
	धीमी गति	5,09,000	3,25,000
	विदेश सेवाएं	5,25,000	5,35,000
	भाषा	12,00,000	—
	यूनीवार्ता	—	12,00,000
	कुल :	1,78,76,550	1,49,94,450
1990	अंशदान		
	समाचार फीड	1,66,44,100	1,36,17,900
	धीमी गति	5,00,000	5,00,000
	विशेष सेवाएं	3,25,000	3,25,000
	भाषा	12,00,000	—
	यूनीवार्ता	—	12,00,000
	कुल :	1,86,69,100	1,56,42,900
1991	अंशदान		
	समाचार फीड	1,74,76,250	1,42,98,750
	धीमी गति	5,00,000	5,00,000
	विदेश सेवाएं	3,25,000	3,25,000
	भाषा	12,00,000	—
	यूनीवार्ता	—	13,00,000
		1,95,01,250	1,63,23,750